"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 123-ओ] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 28 मई 2009—ज्येष्ठ 7, शक 1931

समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 मई 2009

अधिसूचना

क्रमांक एफ-1-64/2007/स. क./26.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत एवं समाज कल्याण, तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा की भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ—**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ पंचायत एवं समाज कल्याण, तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2008 है.

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं** — इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) सेवा या पद के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, ऐसा प्राधिकारी जिसे शासन द्वारा सेवा में नियुक्ति करने की शक्ति सौंपी गई हो;

(ख) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, सीधी भर्ती के लिए शासन द्वारा, अनुमोदित समिति ;

(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम 11 के अधीन भर्ती के लिये ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा;

(घ) "सरकार" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सरकार;

(ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ;

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची ;

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति ;

(झ) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5-पच्चीस-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ञ) सेवा से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं समाज कल्याण तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा;

(ट) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य.

3. **विस्तार तथा लागू होना**—छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन**—सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(क) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पद को मूलतः धारण कर रहे हों;

(ख) वे व्यक्ति, जो इन नियमों की प्रारम्भ होने से पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों,

(ग) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि** — सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या अनुसूची-एक में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार होंगे.

परन्तु सरकार सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में, समय-समय पर या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

6. **भर्ती का तरीका**—

(1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :—

(क) सीधी भर्ती द्वारा, प्रतियोगिता परीक्षा तथा साक्षात्कार द्वारा ;

(ख) अनुसूची-चार के कॉलम 3 में दर्शाये अनुसार सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा ;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद जो कि निमित्त विनिर्दिष्ट हो मूल हैसियत में धारण करते हों.

(2) उपनियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय, अनुसूची-एक में यथाविनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची-दो में दर्शाये गये प्रतिशत से, अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को जिन्हें भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर सरकार के परामर्श से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी.

(4) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि शासन की राय में सेवा की अत्यावश्यकता को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो शासन सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती के लिये उक्त उप नियम में विनिर्दिष्ट तरीकों से भिन्न ऐसे तरीके अपना सकेगा जो इस निमित्त जारी आदेश द्वारा विहित किए जाएं.

(5) सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए शासन द्वारा मापदण्ड निर्धारित किये जा सकेंगे. परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस हेतु एक चयन समिति गठित की जाना आवश्यक होगा. जो इन मापदण्डों या अन्य युक्ति-संगत प्रक्रिया शासन की सहमति से अपना सकेगी.

(6) भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति—** इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां शासन द्वारा की जायेगी तथा ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम-6 में उल्लेखित भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के बाद ही की जायेगी अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती की पात्रता संबंधी शर्तें—** प्रतियोगी परीक्षा के लिये पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी, अर्थात् :—

(एक) **आयु—**

(क) उसने चयन प्रारम्भ होने की तारीख के बाद की आगामी जनवरी के प्रथम दिन को, अनुसूची-तीन के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हों तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी नहीं की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध), नियम 1997 के नियम 4 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों की उच्चतम आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

टीप :— शासकीय सेवा में एक या अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरांत भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हों, अथवा कर्मचारी रह चुके हों, उच्चतर आयु सीमा उस सीमा तक तथा नीचे विनिर्दिष्ट की गई शर्तों के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी, अर्थात् :—

(एक) कोई अभ्यर्थी, जो स्थायी स्थानापन्न/आकस्मिकता आदाता सरकारी सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए.

(दो) कोई अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण करता हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए. यही रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी.

(तीन) कोई अभ्यर्थी, जो छटनी किया गया सरकारी सेवक है अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 (सात) वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, बशर्ते

इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :—शब्द "छटनी किये गये सरकारी सेवक" से द्योतक है ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की अथवा किसी संगठित इकाईयों की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छः मास तक निरन्तर रहा था तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना नाम पंजीयन कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया था.

(ङ) ऐसा अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :—पद "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः मास की निरन्तर कालावधि तक नियोजित रहा हो और जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा, आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई थी या जो अतिशेष घोषित किया गया था :—

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिसे समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो.

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिसे दूसरी बार नामांकित किया गया हो और
   (क) अल्पकालिन वचनबद्ध अवधि पूर्ण हो जाने पर,
   (ख) भर्ती संबंधी शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो.

(3) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कार्मिक.

(4) संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किये गये ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिसमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं.

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर निरंतर छः मास से अधिक समय तक कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया है.

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है कि अब ये दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है.

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने तथा घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सकीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो.

(च) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्डधारक है, उच्चतर आयु सीमा 2 (दो) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(छ) आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पत्ति, सवर्ण पति/पत्नि के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ज) "शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुंडाधुर पुरस्कार, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव पुरस्कार एवं राष्ट्रीय पुरस्कार" धारक अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(झ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ञ) स्वयंसेवी नगर सैनिक एवं नगर सेना के नान कमीशन्ड अधिकारियों के संबंध में उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की कालावधि के लिये उच्चतर आयु सीमा 8 (आठ) वर्ष तक शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

(ट) नि:शक्त अभ्यर्थियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार शिथिलनीय होगी.

टिप्पणी :— (1) ऐसे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त खण्ड (घ) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) में वर्णित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन हेतु पात्र पाए गए हैं, नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् या तो वे चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्याग-पत्र दे देते हैं. तथापि यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छटनी की गई हो तो वे पात्र बने रहेंगे.

टिप्पणी :— (2) किसी भी अन्य मामले में यह आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जाएंगी, विभागीय अभ्यर्थियों को उपसंजात होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी.

(ठ) उपरोक्त के अतिरिक्त सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे.

(दो) **शैक्षणिक अर्हताएं :—** अभ्यर्थी के पास अनुसूची-तीन में दर्शाई गई सेवा के लिये विहित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए.

(तीन) **फीस :—** अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित फीस का संदाय करना होगा.

9. **निरर्हता** — अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किसी भी साधन से समर्थन अभिप्राप्त करने के लिये किसी भी प्रयास को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसे परीक्षा/चयन के लिये निरर्हता ठहराया जा सकेगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा—** परीक्षा/चयन में प्रवेश के लिये किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और किसी ऐसे अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के लिये अनुज्ञात नहीं किया जाएगा.

11. **प्रतियोगिता परीक्षा/चयन द्वारा सीधी भर्ती —**

(1) प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती-नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन समिति गठित की जायेगी, इसमें तीन सदस्य होंगे—

(क) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतराल से ली जा सकेगी, जैसा की नियुक्ति प्राधिकारी सरकार के परामर्श से समय-समय पर अवधारित करें.

(ख) परीक्षा, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किये आदेश के अनुसार चयन समिति द्वारा ली जाएगी.

(2) चयन द्वारा सीधी भर्ती—

(एक) सेवा में भर्ती के लिये चयन ऐसे अंतरालों से किया जायेगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर अवधारित करें.

(दो) चयन समिति द्वारा सेवा में अभ्यर्थियों का चयन उनके साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा.

(3) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार सीधी भर्ती के प्रक्रम पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों के लिये पद आरक्षित रखे जायेंगे.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय उन अभ्यर्थियों की जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जाएगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आए हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षित रेंक कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए समिति द्वारा नियुक्ति के लिये योग्य घोषित किया गया है, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार सीधी भर्ती के प्रक्रम में 30 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे.

(7) ऐसे मामले में जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाए कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, वहां नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के बारे में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा.

(8) विकलांग अभ्यर्थियों के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पद आरक्षित रहेंगे.

12. **चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची—**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में एक सूची जो ऐसे स्तर से अर्हित हो, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी अवधारित करे तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है फिर भी प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए चयन समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किये गये हैं, तैयार करेगा. सूची को सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित भी किया जाएगा.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी क्रम से विचार किया जाएगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हों.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किया जाना उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं करता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

(4) सूची, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य रहेगी.

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति—**

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये अनुसूची-चार के कॉलम (6) में उल्लेखित सदस्यों को मिलाकर एक समिति गठित की जायगी.

परन्तु, इस उपनियम के अधीन समिति के गठन के प्रयोजन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994), की धारा के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा.

(2) समिति का सम्मिलन ऐसे अंतरालों में किया जायेगा जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक का नहीं होगा.

(3) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण दिया जायेगा.

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार रहेगी.

14. **पदोन्नति/स्थानान्तरण के लिये पात्रता संबंधी शर्तें —**

(1) समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की एक जनवरी को उन पदों पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है उतने वर्षों की सेवा (चाहे स्थानापन्न या मौलिक रूप से) या सरकार द्वारा अनुसूची-चार के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट उनके समतुल्य घोषित किसी अन्य पद या पदों पर पूर्ण कर ली हो और जो अनुसूची-चार के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट अनुसार विचारण क्षेत्र आते हों.

स्पष्टीकरण— पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु संगणना की रीति :—वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस वर्ष से की जायेगी जिसमें शासकीय सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं.

(2) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार पदोन्नति विधिमान्य होगी.

15. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना—**

(1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तों को पूरा करते हों, तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त ठहराया गया हो. यह सूची चयन सूची तैयार करने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी. उपरोक्त अवधि के अनुक्रम में अनपेक्षित रिक्तियों को भरने के लिए एक आरक्षित सूची भी तैयार की जायेगी.

(2) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार चयन सूची तैयार करने के लिए मानदण्ड वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता (सिनियारिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) पर आधारित होगा.

(3) प्रत्येक चयन सूची की तैयारी के समय चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के नाम अनुसूची-चार के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम से रखे जायेंगे.

स्पष्टीकरण :— ऐसे व्यक्ति का, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जो सूची की विधि मान्यता के दौरान पदोन्नत न किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा.

16. **चयन सूची—**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची, अनुसूची-चार के कॉलम (3) में वर्णित पदों में से उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में वर्णित पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी.

(2) चयन सूची सामान्यतः उसके तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिये प्रवृत्त रहेगी.

(3) परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्तव्यों के निर्वहन अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में शासन के कहने पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि समिति उचित समझे तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा.

17. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति—**

(1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्ति की सेवा संवर्गों के पदों पर नियुक्तियां छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी.

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श

करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम शामिल किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख से बीच की अवधि में उसके कार्य में ऐसी कोई खराबी उत्पन्न न हो जाये जो शासन की राय में सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त सिद्ध करता हो.

18. **परिवीक्षा**— सेवा में सीधी भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा.

19. **निर्वचन**— यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत हो तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा.

20. **शिथिलीकरण**— इन नियमों में किसी भी बात का यह अर्थ लगाया जायेगा कि वह ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिसे वे नियम लागू होते हों, ऐसी रीति में जो उसे उचित और साम्यापूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है.

परन्तु कोई मामला ऐसे रीति से नहीं निपटाया जायेगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो.

21. **व्यावृत्ति**—इन नियमों में की गई कोई भी बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार उपबंध किये जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी.

22. **निरसन तथा व्यावृत्ति**—ऐसे समस्त नियम इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त सभी नियम इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं.

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जायेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निरंजन दास, संयुक्त सचिव.

अनुसूची-एक
(नियम 5 देखिये)

स. क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	भाग-एक मुख्यालय (लिपिकीय सेवा वर्ग)				
1.	सहायक अधीक्षक	02	तृतीय वर्ग	5000-150-8000	
2.	स्टेनोग्राफर (वरिष्ठ वेतनमान)	01	तृतीय वर्ग	4500-125-7000	
3.	सहायक वर्ग-1	02	—तदैव—	4500-125-7000	
4.	सहायक वर्ग-2	12	—तदैव—	4000-100-6000	
5.	लेखापाल	01	—तदैव—	4000-100-6000	
6.	वरिष्ठ अंकेक्षक	01	—तदैव—	4000-100-6000	
7.	सहायक वर्ग-3	21	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	
8.	डाटा एंट्री आपरेटर	02	—तदैव—	4000-100-6000	
	कुल पद	**42**			
	भाग-दो जिला स्तरीय (लिपिकीय सेवा वर्ग)				
1.	सहायक (डी.आर.सी.)	01	तृतीय वर्ग	5000-150-8000	
2.	लेखापाल सह कैशियर (डी.आर.सी.)	01	तृतीय वर्ग	4000-100-6000	
3.	मुख्य लिपिक (संभाग)	02	—तदैव—	4500-125-7000	
4.	सहायक वर्ग-1	03	—तदैव—	4500-125-7000	
5.	स्टेनोग्राफर (वरिष्ठ वेतनमान)	02	—तदैव—	4500-125-7000	
6.	स्टेनोग्राफर (कनिष्ठ वेतनमान)	01	—तदैव—	4000-100-6000	
7.	सहायक अधीक्षक सह लेखापाल	14	—तदैव—	4000-100-6000	
8.	लेखापाल	14	—तदैव—	4000-100-6000	
9.	सहायक वर्ग-2	47	—तदैव—	4000-100-6000	
10.	डाटा एंट्री आपरेटर	05	—तदैव—	4000-100-6000	
11.	सहायक वर्ग-3	93	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	
12.	स्टेनो टाइपिस्ट	02	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	
13.	भंडार सह लिपिक	01	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	
	कुल पद	**186**			

अनुसूची–दो
(नियम 6 देखिये)

विभाग का नाम	स. क्र.	सेवा या पद का नाम	पदों की संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत	
				सीधी भर्ती द्वारा	सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
पंचायत एवं समाज कल्याण	1.	सहायक अधीक्षक	02	—	100 प्रतिशत
	2.	स्टेनोग्राफर (वरिष्ठ वेतनमान)	01	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
	3.	सहायक वर्ग–1	02	—	100 प्रतिशत
	4.	सहायक वर्ग–2	12	—	100 प्रतिशत
	5.	लेखापाल	01	—	100 प्रतिशत
	6.	वरिष्ठ अंकेक्षक	01	—	100 प्रतिशत
	7.	सहायक वर्ग–3	21	75 प्रतिशत	25 प्रतिशत (भृत्य/अपेक्षित अर्हता रखने वाले चतुर्थ वर्ग कर्मचारी से पदोन्नति द्वारा)
	8.	डाटा एंट्री आपरेटर	02	100 प्रतिशत	—
		भाग–दो संभाग स्तर			
पंचायत एवं समाज कल्याण	1.	लेखापाल कैशियर	01	—	100 प्रतिशत
	2.	सहायक	01	—	100 प्रतिशत
	3.	मुख्य लिपिक (संभाग)	02	—	100 प्रतिशत
	4.	सहायक वर्ग–1	03	25 प्रतिशत	75 प्रतिशत
	5.	स्टेनोग्राफर (वरिष्ठ वेतनमान)	02	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
	6	स्टेनोग्राफर (कनिष्ठ वेतनमान)	01	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
	7.	सहायक अधीक्षक	14	—	100 प्रतिशत
	8.	लेखापाल	14	—	100 प्रतिशत
	9.	सहायक वर्ग–2	47	—	100 प्रतिशत
	10.	डाटा एंट्री आपरेटर	05	100 प्रतिशत	—
	11.	सहायक वर्ग–3	93	75 प्रतिशत	25 प्रतिशत (भृत्य/अपेक्षित अर्हता रखने वाले चतुर्थ वर्ग कर्मचारी से पदोन्नति द्वारा)
	12.	स्टेनो टाइपिस्ट	02	100 प्रतिशत	—
	13.	भंडारी सह लिपिक	01	100 प्रतिशत	—

अनुसूची-तीन

(नियम 8 देखिये)

स. क्र.	सेवा या पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हता	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	स्टेनोटाइपिस्ट	18	35	1. 10+2 शिक्षा प्रणाली के अधीन हायर सेकेण्डरी या हाईस्कूल परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से हिन्दी शीघ्रलेखन के लिए क्रमशः 100 शब्द तथा 25 शब्द प्रति मिनट की गति से मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण. **या** 3. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन/ राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर-साइंस/इन्फारमेशन टेक्नॉलाजी/मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट का 2 वर्ष का डिप्लोमा. **या** 4. डाटाएन्ट्री का कम से कम 10000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होनी चाहिए.	
2.	सहायक वर्ग-3	18	35	1. 10+2 शिक्षा प्रणाली के अधीन हायर सेकेण्डरी या हाईस्कूल परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 25 शब्द प्रति मिनट हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए. **या** 3. डाटाएन्ट्री का कम से कम 10000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होनी चाहिए.	
3.	डाटाएन्ट्री आपरेटर	18	35	1. 10+2 शिक्षा प्रणाली के अधीन हायर सेकेण्डरी या हाईस्कूल परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 2. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन/ राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस/इन्फारमेशन टेक्नॉलाजी/मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट का 2 वर्ष का डिप्लोमा. **या** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी. जी. डिप्लोमा तथा स्नातक. **या** डाटाएन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण-पत्र. **या** डाटाएन्ट्री का कम से कम 10000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होनी चाहिए.	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
				या डीओईएसीसी सोसाइटी न्यू दिल्ली द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा एवं इसके द्वारा मान्यता प्राप्त आईटीआई द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर/प्रोग्राम असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय सर्टिफिकेट.	
4.	स्टेनोग्राफर	18	35	1. 10+2 शिक्षा प्रणाली के अधीन हायर सेकेण्डरी या हाईस्कूल परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 100 शब्द प्रति मिनट हिन्दी या अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा 25 शब्द प्रति मिनट हिन्दी एवं 30 शब्द प्रति मिनट अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण. या 3. डाटाएन्ट्री का कम से कम 10000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होनी चाहिए.	

अनुसूची–चार
(नियम 13 एवं 14 देखिये)

विभाग का नाम	स. क्र.	सेवा या पद का नाम जिससे पदोन्नति की जाना है	सेवा या पद का नाम जिस पर पदोन्नति किया जाना है	पदोन्नति हेतु अनुभव	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य	पदोन्नति की विधि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
पंचायत एवं समाज कल्याण	1.	1. सहायक अधीक्षक (संचालनालय) 2. सहायक डीआरसी	लेखापाल सह कैशियर, डीआरसी	5 वर्ष	1. संयुक्त संचालक (प्रशासन/ — अध्यक्ष पंचायत संचालनालय) 2. संयुक्त संचालक रायपुर — सदस्य 3. संयुक्त संचालक बिलासपुर — सदस्य 4. उप संचालक (प्रशासन/ — सदस्य संचालनालय) या संचालक द्वारा नाम-निर्दिष्ट एक सदस्य.	वरिष्ठता सह योग्यता
	2.	1. मुख्य लिपिक (जिला) 2. सहायक वर्ग-1 (संचालनालय तथा जिला) 3. स्टेनोग्राफर (वरिष्ठ वेतनमान, संचालनालय तथा जिला) 4. वरिष्ठ अंकेक्षक	1. सहायक अधीक्षक (संचालनालय) 2. सहायक डीआरसी	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—
	3.	1. मुख्य लिपिक (जिला) 2. सहायक वर्ग-1 (संचालनालय तथा जिला)	1. सहायक अधीक्षक (संचालनालय)	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—
	4.	1. सहायक अधीक्षक सह लेखापाल	1. मुख्य लिपिक (जिला) 2. सहायक वर्ग-1 (संचालनालय तथा जिला)	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—
	5.	1. लेखापाल	1. सहायक अधीक्षक सह लेखापाल	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—
	6.	1. सहायक वर्ग-2 (संचालनालय तथा जिला)	1. लेखापाल 2. वरिष्ठ अंकेक्षक	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—
	7.	1. सहायक वर्ग-3 2. स्टोर कीपर सह लिपिक.	1. सहायक वर्ग-2 (संचालनालय तथा जिला)	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
पंचायत एवं समाज कल्याण	8.	1. स्टेनो टायपिस्ट	3. स्टेनोग्राफर (कनिष्ठ वेतनमान)	5 वर्ष	1. संयुक्त संचालक (प्रशासन/ पंचायत संचालनालय) — अध्यक्ष 2. संयुक्त संचालक रायपुर — सदस्य 3. संयुक्त संचालक बिलासपुर — सदस्य 4. उप संचालक (प्रशासन/ संचालनालय) या संचालक द्वारा नाम-निर्दिष्ट एक सदस्य. — सदस्य	वरिष्ठता सह योग्यता
	9.	1. भृत्य (चतुर्थ श्रेणी)	1. सहायक वर्ग-3 2. स्टोर कीपर सह लिपिक.	5 वर्ष	—तदैव—	—तदैव—

टीप :— जिला स्तर संवर्ग के पदों की सीधी भर्ती/पदोन्नति समिति में, संयुक्त संचालक/उपसंचालक-अध्यक्ष, संस्था प्रभारी अधिकारी-सदस्य, जिला अंकेक्षक/पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक-सदस्य एवं परिवीक्षा अधिकारी-सदस्य होंगे.

Raipur, the 28th May 2009

NOTIFICATION

No. F-1-64/2007/S.W./26.—In exercise of the powers conferred by the Proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the recruitment of Chhattisgarh Panchayat and Social Welfare, Class III (Ministerial) Service, namely :—

RULES

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Chhattisgarh Panchayat and Social Welfare, Class III (Ministerial) Service Recruitment Rules, 2008.
   (2) It shall come into force, with effect from the date of its publication in the "Official Gazette".
2. **Definitions.** - In these rules, unless the context otherwise requires,-
   (a) "Appointing Authority" in respect of the service or a post means such authority whom the powers to appoint in the service have been assigned by the Government;
   (b) "Selection Committee" means, a Committee for the direct recruitment approved by the Government;
   (c) "Examination" means the competitive examination for Recruitment conducted under rule 11;
   (d) "Government" means the Governor of Chhattisgarh;
   (e) "Governor" means the Governor of Chhattisgarh;
   (f) "Schedule" means Schedule appended to these rules;
   (g) "Scheduled Castes" means the Scheduled Castes, specified in relation to this State under Article 341 of the Constitution of India;
   (h) "Scheduled Tribes" means the Schedule Tribes, specified in relation to this State under Article 342 of the Constitution of India;
   (i) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government vide Notification No. F.8-5-XXV-4-84 dated the 26th December, 1984 as amended from time to time;
   (j) "Service" means the Chhattisgarh Panchayat and Social Welfare Class III (Ministerial) Service;
   (k) "State" means the State of Chhattisgarh.

3. **Scopes and Application.** - Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil Service (General Conditions of Service) Rule, 1961, these rules shall apply to every member of the service.

4. **Constitution of Service.** - The service shall consist of the following persons, namely:-
(a) Persons who at the commencement of these rules are holding substantively the posts specified in Schedule –I;
(b) Persons recruited to the service before the commencement of these rules; and
(c) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

